गायत्री सहस्रनाम

गायत्री सहस्त्रनाम

(उपयोगिता, विज्ञान, मूलपाठ व अर्थ सहित)

सम्पादक :

डॉ० चमनलाल गौतम

रचयिता व सम्पादक :

प्राणायाम के असाधारण प्रयोग, ओंकार सिद्धि, मंत्र शक्ति से रोग निवारण, विपत्ति निवारण-कामना सिद्धि, श्रीमद्‌भागवत्‌ सप्ताह कथा, योगासन से रोग निवारण, मनुस्मृति, सूर्य पुराण, कालिका पुराण, मानसागरी आदि।

प्रकाशक

संस्कृति संस्थान

ख्वाजा कुतुब, (वेदनगर), बरेली- २४३००३ (उ०प्र०)

फोन नं० : २४७४२४२

email us at : sanskriti_sansthan59@rediffmail.com

संशोधित संस्करण 2005

मूल्य 15 रुपया

गायत्री सहस्त्रनाम

उपयोगिता और विज्ञान

परम पिता परमात्मा परम सूक्ष्म है। वह सर्वोपरि है। विश्व व्यापी विद्युत शक्ति, चुम्बकशक्ति, गुरुत्वाकर्षण शक्ति और सूक्ष्मतम गैसों से भी वह सूक्ष्मतर है। विविध नक्षत्रों से आने वाली किरणें तथा सूर्य रश्मियों के सप्त वर्ण अत्यन्त सूक्ष्म होने के कारण ही हमारे नेत्रों द्वारा देखे जाते हैं। रेडियो द्वारा सुनी जाने वाली ध्वनि समस्त विश्व में चक्कर लगाती है, किन्तु अपनी सूक्ष्मता के कारण ही बिना रेडियों-रिसीवर के अश्रव्य ही होती है। ध्वनि से भी अधिक तनुभाव होते हैं, ध्वनि तरंगों के समान वे भी ईश्वर रूप महतत्त्व में उड़ते रहते हैं, समस्त विश्व की परिक्रमा करते रहते हैं, मनोविज्ञानियों द्वारा आविष्कृत टेलीपैथी द्वारा उनका अस्तित्व और संचरण सुप्रमाणित ही है, पर देखना सुनना तो दूर की बात, हमारी मन और बुद्धि भी उन्हें सामान्यता ग्रहण नहीं कर पाती है। परमात्मा तो इन सब से भी तनु है, सूक्ष्म है। उसकी असंख्य शक्तियाँ हैं। उन्हें यद्यपि हम आँख, नाक, कान, जिव्हा, त्वचा और मन बुद्धि से पकड़ नहीं सकते हैं। अनुभव नहीं कर पा रहे हैं, तो भी उनकी उपस्थिति निर्विवाद है।

हम देखते हैं, जीव पैदा होता है। क्रम-क्रम में बढ़ता है। कभी बीमार होता है, कभी अच्छा होता है। इच्छा न होते हुए भी एक दिन मर जाता है। शीत के तूफान आते हैं, लूयें चलती हैं, कभी

हवा मन्द हो जाती है, कभी तीव्र, प्राणि जगत्,

वनस्पति जगत् और पदार्थ जगत् के सारे कार्य व्यापार जो रातदिन चलते रहते हैं, वे ईश्वर की विवेकमयी सूक्ष्म शक्तियों से ही परिचालित होते हैं। विज्ञानी उसे गुरुत्वाकर्षण, नक्षत्राकर्षण, अतीन्द्रिय ऊर्जा आदि नामों से अभिहित करते हैं और आध्यात्मविद् उन्हें विविध देव नामों से पुकारते हैं। विष्णु-पुराण में प्रजनन, उत्पादन, पोषण, विकास और व्यवस्था, निधनन, वारण या स्थानान्तरण करने वाली ईश्वर की चुम्बक से भी सूक्ष्म शक्तियों को क्रमशः ब्रह्मा विष्णु और शिव की संज्ञा दी हैं–

सृष्टि स्थित्यन्तकारिणी,
ब्रह्मा, विष्णु-शिवात्मिकाम्।
सः संज्ञां याति,
एक एव जनार्दनः।।

इस श्लोक में आये हुए संज्ञा पद से यह स्पष्ट है कि तथाकथित कर्षण, प्रकर्षण और विकर्षण की सूक्ष्मातिसूक्ष्म उत्पादिनी, व्यवस्थापिनी और विनाशिनी इन्द्रियातीत शक्तियाँ ही ब्रह्मा, विष्णु और शिव कहलाती हैं। एक परब्रह्म ही इन संज्ञाओं से सम्बोन्धित किया जाता है।

यम, इन्द्र, बृहस्पति, अर्यमा, पूषा, त्वष्टा, वसु विश्वेदेवा, उमा गणेश आदि नामों से संज्ञावती विविध शक्तियाँ एक ही शक्ति स्रोत की ऊर्मियाँ हैं, दिव्य हैं, अदृश्य-अश्रव्य और अगोचर हैं, वे प्राणिमात्र के हित-साधन में निरत हैं, सृष्टि का विकास-प्रकाश सस्नेह करती हैं, इसी से वे श्रद्धास्पद है। वंदनीय और अभिनन्दनीय होने के नाते उन्हें 'देवता– या 'देवी' जैसा

अनुराग-भरा नाम देना सर्वथा समीचीन ही है। विज्ञानी शुष्क हृदय होता है, अध्यात्मविद् कवि की भाँति भावनाशील होता है, सहृदय और सरल होता है। विज्ञानी के विश्लेषण चीर फाड़ सदृश घिनौने होते हैं, भावुक का विश्लेषण भावपूर्ण होता है। यही अन्तर वैज्ञानिक और मनस्वी भक्त के उन उन सम्बोधनों में प्रतिबिम्बित है, जो उन्होंने आम शक्ति और उसकी अनुशक्तियों के लिए निर्धारित किये हैं।

नामों और सम्बोधनों के अनुकूल ही हमारे मनों में भावोदय होता है। नदी कहने से हृदय में वैसा आह्लादकारी भावोद्रेक नहीं होता, जैसा पुण्य सलिला या 'गंगा मैया' कहने से जगता है। पानी और जल, लकड़ी और समिधा, 'आगी, और अग्नि' तत्वतः एक ही है, किन्तु नामान्तर मात्र से हृदय में भाव विशेष का उत्कर्ष-अपकर्ष सर्व संवेद्य हैं। इसी तथ्य को हृदयंगम करके भारत के पराविज्ञानी ऋषियों ने आद्या-शक्ति, वैज्ञानिकों ने तथाकथित शक्ति स्तोत्र को 'गायत्री' संज्ञा से अभिहित करना ही उचित समझा। प्रेम, पवित्रता, श्रद्धा विवेक और शक्ति का स्फुरण 'गायत्री' शब्द से जैसा होता है, वैसी मधु अनुभूति रूखी-सूखी वैज्ञानिक शब्दावली से कैसे हो सकती है।

सूर्य एक है। किरणें उसकी असंख्य हैं। सभी किरणें सूर्य ऊर्जा से युक्त हैं, सभी सतरंगी हैं। नीलोत्तर किरणें (Ultra violet Rays) और यति रक्तिम किरणों (Infra Red Rays) की प्रकृति, गुण और कार्यकारी शक्ति सर्वथा भिन्न है 'क्ष' किरण (X-Rays) अल्फा और गामा किरण की क्रिया-प्रक्रिया भी भिन्न देखी जाती है। ये और इसी तरह की दूसरी किरणों की शक्ति

वस्तुतः आदित्य की ही शक्ति है। इसी प्रकार स्वयं प्रकाश रूपा आद्या गायत्री की रश्मि रूपिणी अनन्त शक्तियाँ ही हमारे दिव्य देव और देवियाँ हैं। जलते हुए हवन-कुण्ड से जैसे चिन्गारियाँ उछलती हैं, उसी प्रकार विश्व की महान शक्ति-सरिता गायत्री की लहरें विविध देव शक्तियों के रूप में देखी जाती हैं। दूसरे शब्दों में इसी तथ्य को इस प्रकार कह सकते हैं कि सम्पूर्ण देवताओं की सम्मिलित शक्ति ही गायत्री है।

वस्तुतः विश्व व्यापी जल तत्व ही नदी, सरोवरों, कूपों, तालाब, झरनों, जलाशयों, हिमश्रृङ्गों, समुद्रों और जलधाराओं (बादलों) में भिन्न-भिन्न रूप, गुण, स्वाद और स्थिति में दिखाई पड़ता है, ठीक उसी प्रकार एक ही गायत्री महत्तत्व अगणित देव शक्तियों के रूप में देखा और समझा जा सकता है। ब्रह्माण्ड में संव्याप्त उसी की अनेक शक्तियाँ इस ज़गत का संचालन एवं नियन्त्रण करती हैं। यदि संसार में शक्तियाँ न होती, तो समस्त संसार जड़वत् गतिहीन होता। कहीं कोई क्रिया व्यापार, हलचल या गतिशीलता न होती। नितान्त जड़ता ही जड़ता होती। नीरसता ही नीरसता होती। कहीं कोई हरकत, कोई परिवर्तन, चहल-पहल या चुलबुल न होती। न हवा बहती, न जल लहराता। प्रकृति में सर्वत्र श्मशानी शून्यता ही होती। ऐसी कल्पनातीत स्थिति में न वनस्पति का आविर्भाव होता न प्राणि जगत का। संसार का जो भी सूक्ष्म-सूक्ष्म रूप आज हमें दिखाई दे रहा या अनुभव में आ रहा है उसके मूल में गायत्री महाशक्ति की विभिन्न ऊर्जा ऊर्मियाँ ही काम कर रही हैं। इसी से गायत्री को सर्वजननी, सर्वप्रसविनी भी कहा जाता है।

ऊपर के विवरण से यह भी स्पष्ट हो गया है कि सारा संसार शक्ति का खेल है। शक्ति पराकर्षण से पृथ्वी घूम रही है, सूर्य कृत्या नक्षत्र की प्रदक्षिणा कर रहा है, कृत्या अपने समस्त सौर मण्डलों और आकाश गंगाओं के साथ अभिजित नक्षत्र के चारों ओर निरन्तर चक्कर काट रही है। गायत्री शक्ति की अनन्त प्रखरता का इससे यत्किंच अनुमान ही हम कर सकते हैं। वस्तुत उसकी विशालता का, उसकी पूर्णतः का पूरा पूरा आभास देखने-सुनने की सीमित सी शक्ति रखने वाला मनुष्य नहीं कर सकता। गायत्री की शक्ति अपरिचित है। हम तो उसकी सम्यक् कल्पना भी नहीं कर सकते। बड़े-बड़े वैज्ञानिक भी उसे अचिन्त्य और 'अनिर्वचनीय' कहकर ही संतोष करने को विवश हैं। अनुमानगम्य न होने के कारण वे उसे जहाँ छोड़ देते हैं और उस के गोचर रूप को ही सब कुछ मानकर चलते हैं वहाँ भारतीय ऋषि वैसा नहीं करता। वह 'अव्यक्त' की आध्यात्मिक प्रयोगों (उपासना) के द्वारा अपने अन्तरतम में अभिव्यक्ति करता है। अपनी तपः साधना के द्वारा वह अपनी बुद्धि को इतना पैना और इतना सूक्ष्मग्रा ही बना लेता है कि वह अचिन्त्य उनके लिए सुचिन्त्या हो जाता है। वह उसका हस्तामलकवत् प्रत्यक्ष दर्शन पाकर कृतकृत्य हो जाते हैं। यही नहीं उसकी शक्ति से शक्तिमान होकर वे अपने सम्पर्क में आने वाले को अधिक सचेतन, अधिक स्फूर्तिवान बना देते हैं।

हममें, आपमें गायत्री शक्ति तिल में तेल, चमक में अग्नि के समान अनुस्यूत है। अद्वैत दर्शन के अनुसार तो हम और आप उसी के स्फुलिङ्ग हैं। किन्तु आज अपने में जो कमजोरी,

दुर्बलता, असमर्थता या विवशता हम देख रहे हैं, वह हमारा 'जडित-अज्ञान ही है। वैज्ञानिकों के अनुसार जब सब ओर 'प्रकृति' ही 'प्रकृति' है, हम प्रकृति के ही एक सचेतन अङ्ग हैं, उसी से उसी में उद्भूत है तो अपने को असहाय या पंगु मानना और उसी भावना से भावित होकर रात दिन उसी प्रकार का ऊहापोह करना क्या हमारे लिए लज्जास्पद नहीं है? भारतीय दर्शन कहता है कि हमारी सारी अशक्ति प्रकृति से अपने को अलग करने के कारण ही है। अपने को यदि हम प्रकृति माता से पुनः पूरी तरह से जोड़ लें, उससे तो हमने सम्बन्ध विच्छेद कर रक्खा है, उसको छोड़कर यदि हम उससे 'योग' करें, तो हम अपने में अप्रतिम शक्ति सहज ही अनुभव करने लगेंगे।

शक्ति ही सुख है, निर्बलता ही दुःख है। जिसमें जितनी क्षमता है, वह उतना ही सचेतन है, वह उतना ही खुशहाल है। इन्द्रियों में शक्ति रहने तक ही भोगों को जोड़ा जा सकता है। वे अशक्त और शिथिल हो जायें तो आकर्षक भोगों में भी आकर्षण नहीं रहता। नाड़ी संस्थान की क्षमता क्षीण होने पर मन में अवसाद, आलस्य और अन्तःक्षोभ-कुढ़न और घुटन से मनुष्य संतप्त रहता है। शरीर का सामान्य क्रिया-कलाप भी वह ठीक तरह से नहीं कर पाता है। बुद्धि की अशक्ति बुद्धि मन्दता के दुःख से दुःखी करती है, तो मानसिक शक्ति घट जाने पर वह अन्ध विश्वासों के थपेड़ों से व्याकुल रहता है। मन और बुद्धि की शक्ति क्षीण होने पर तो वह पागल ही हो जाता है। धन शक्ति न रहने पर दर-दर का भिखारी बनना पड़ता है, मित्र शक्ति न रहने पर असहयोग की ज्वाला में एकाकी जलना पड़ता है,

आत्मबल न होने पर प्रगति के पथ पर एक कदम आगे नहीं बढ़ा जा सकता। जिसमें संकल्प शक्ति नहीं घड़ी के पेण्डुलम की तरह उसका विकल जीवन इधर-उधर डोलता रहता है। अस्थिरता, उद्विग्नता, असन्तोष, अभाव, दुर्भावना आलस्य और अकर्मण्यता 'अशक्ति' के ही परिचायक हैं। ये और कुछ नहीं हैं, अपने मूल रूप में विविध प्रकार की अशक्तियां ही हैं।

इसलिए भारतीष ऋषि कहता है कि शक्ति की साधना ही सुख की साधना है। शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, आध्यात्मिक और सामाजिक शक्ति का संग्रह, संचय करना ही सन्तुष्ट, सम्पन्न सुखी और कृतकृत्य होने का सरल साधन है। हम सब सुखी होना चाहते हैं, शक्ति के जोड़ने बटोरने में अहर्निश संलग्न रहते हैं, किन्तु 'स्पष्ट दर्शन' या 'यौगिक दृष्टिकोण' न रहने के कारण अपने प्रयत्न-प्रयास में एकाग्रता और कार्य-व्यवहार में सन्तुलन स्थापित नहीं कर पा रहे हैं। कोई अर्थ शक्ति (धन) जोड़ने में बुरी तरह से पिल पड़ा है, रात दिन उसी में रचा पचा रहता है, तो कोई शरीर बल को ही सब कुछ मान बैठा है शरीर की चिन्ता में अन्य आवश्यक शक्तियों का निरादर करके स्वयं को अशान्त बनाये हुए हैं। कोई यदि मात्र बुद्धि के बर्धन के लिए प्रयत्नशील है तो कोई कामशक्ति के वर्धन के लिए रसायन-बाजीकरण का, अपचकारी पौष्टिक आहारों का लोलुप बना हुआ है। उनके झूठे व्यामोह में पड़कर अधिकाधिक वीर्य क्षरण करता हुआ अपने को दीन हीन, मलीन और रोगग्रस्त बना रहा है। ये एकांकी साधनायें सम्पूर्ण शक्ति का, शक्ति की समग्रता का तिरस्कार है। इसी कारण सुख के लिए

की जानेवाली हमारी सारी दौड़धूप हमें व्यस्त और व्यग्र बनाये हुए हैं। महाशक्ति का समग्र-अवतरण ही हमें पूर्णकाम बना सकता है। अतः सर्वतोमुखी गायत्री की सर्वतोभावेन उपासना हम सबको करनी चाहिए। तभी अक्षय सुख, तेज, ओज, प्रफुल्लता हमें प्राप्त हो सकेगी।

न गायत्र्याः परो धर्मः न गायत्र्याः परन्तपः।
न गायत्र्याः समो देवः न गायत्र्या समा शक्ति।।

अर्थात् गायत्री से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। गायत्री से बढ़कर कोई तपस्या नहीं है। गायत्री के समान अन्य कोई देवता भी नहीं है। गायत्री से बढ़कर कोई शक्ति नहीं है।

गायत्र्या परमं नास्ति देवि चेह न पावनम्।
हस्तत्राणप्रदा देवी पततां नरकार्णवे।।

नरक रूपी समुद्र में गिरते हुए को हाथ पकड़कर बचाने वाली गायत्री के समान पवित्र करने वाली वस्तु इस पृथ्वी तथा स्वर्ग में और कोई नहीं है।

जपतां जुह्वतां चै विनिपातो न विद्यते।

गायत्री जप और हवन करते रहने वाले का कभी विनिपात नहीं होता है। अन्य क्रियाओं के अनुष्ठान में यदि भूल-चूक रह जावें, तो उनका उल्टा फल भुगतना पड़ता है, किन्तु गायत्री की साधना प्रत्यवाय दोष (उलटा फल रूप दोष) से रहित है।

सा हैषा गायत्री गयांस्तत्रे। प्राणाः वै गयासे। तत् प्राणाँ स्तत्रे तद् यद् गयांस्तत्रे, तस्माद् गायत्री नाम।

(शतपथ ब्राह्मण)

वह गायत्री तो प्राणों का त्राण करने वाली हैं उपासना करने वाले के प्राण को निर्मल एवं समर्थ बनाती है, इसी से गायत्री कहलाती है।

गायत्री शब्द का नामकरण उसके क्रिया कलाप एवं स्वभाव को ध्यान में रखकर ही किया गया है। इस महाशक्ति के साथ सम्बन्ध होने की प्रथम प्रतिक्रिया यह होती है कि साधक का प्राण-प्रवाह शून्य से बिखरना रुक जाता है और उसका ऐसा संरक्षण होता है जिससे कोई महत्वपूर्ण प्रयोजन सिद्ध किया जा सके। वर्षा का जल नदी-नालों में बहता हुआ यों ही अस्त हो जाता है, पर यदि उसे बाँध लगाकर रोका जा सके तो सिचाई, विद्युत् उत्पादन आदि कई कार्य सिद्ध हो जाते हैं। गायत्री उपासना प्राण-क्षरण को रोकती है, उसकी रक्षा करती है और इस संरक्षण से लाभान्वित उपासक दिन दिन प्रगति पथ पर अग्रसर होता है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए उस महती शक्ति का नाम-गुण और प्रभाव के अनुरूप तत्वदर्शी मनीषियों ने 'गायत्री' रक्खा।

व्युत्पत्ति की दृष्टि से गायत्री शब्द दो पटों से मिलकर बना है—गय+त्री। 'गय' का अर्थ प्राण और 'त्री' का अर्थ त्राण करने वाली है।

गयाः प्राणा उच्यन्ते। गयान् प्राणान् त्रायते सा गायत्री।

अथवा

गायत त्रायते इति वा गायत्री प्रोच्यते। तस्माद् गायन्त त्रायते यतः।

इस तरह गायत्री के शब्दार्थ से प्रकट है कि यह मनुष्य में सन्निहित प्राण तत्व का अभिवर्धन उन्नयन करने की विद्या है। वह प्राणों की रक्षा करती है। उसकी उपासना से जीवन प्राणावान बनता है। वह उपासक का परित्राण करती है। विविध तापों से बचाती है।

गायत्री को 'तारक' भी कहते हैं। साधना ग्रन्थों में उसका उल्लेख इसी नाम से ज्ञात हुआ है। 'तारक' अर्थात् पार करने वाला। तैराकर पार निकाल देने वाला। गहरे जल प्रवाह को पार करने निकल जाने को डूबते हुए को बचा लेने को तारना कहते हैं। यह भवसागर ऐसा ही है जिसमें अधिकांश जीव डूब रहे हैं। तैरते तो कोई बिरले ही हैं। जिसकी साधना से तैरना सम्भव है, उसे 'तारक' कहा जाता है। गायत्री में यह सामर्थ्य है, उसी से उसे 'तारक-मन्त्र' कहा जाता है। गायत्री का माहात्म्य वर्णन करते हुए ऋषियों ने उसे इसीलिए यह नाम दिया है कि वह साधक को नरक से उबार सकती है। कष्टकर और खेदकर परिस्थितियों से पार कर सकती है।

जिनको दुर्बलताओं ने घेर रखा है उनके लिए पग-पग पर दुःख दारिद्र्य-भरा नरक ही प्रस्तुत रहता है। संसार में उन्हें कुछ भी आकर्षण एवं आनन्द दिखाई नहीं पड़ता। अपनी ही तृष्णायें, अपनी वासनायें बन्धन चुनकर रोम-रोम को जकड़े रहती हैं और बन्दी जीवन की यातनायें सहन करते रहने को बाध्य करती हैं। चूँकि ये परिस्थितियाँ हमारी अपनी निर्मित होती हैं, दुर्बलताओं का प्रतिरोध न करके हमने स्वयं ही उन्हें अपने ऊपर शासन करने के लिए आमन्त्रित किया होता है, अतः उसका उत्तरदायित्व

भी अपने ही ऊपर है। जब हम मानवोचित पुरुषार्थ अपनाकर प्राण प्रतिष्ठा के लिए तत्पर होते हैं, गायत्री उपासना का सर्वतोभावेन आश्रय लेते हैं, तो ये परिस्थितियाँ बदल जाती है और हम तैर कर पार होने लगते हैं। अतः स्पष्ट है, जो गायत्री की शरण पकड़ेगा, उसे भव बन्धनों से, उसे भव सागर से, नरक से उबरने में देर न लगेगी। यह महाशक्ति उसे गिरने से पस्त हिम्मत होने और डूबने से बचा लेगी तथा पार उतरने के सभी उपक्रम दिशा-दर्शन और अनुकूल व्यवस्था के सारे इन्तजाम पद-पद पर प्रस्तुत करती चलेगी।

वेदों, उपनिषदों, तन्त्र ग्रन्थों, स्मृतियों और पुराणों में गायत्री की महिमा का बड़े विस्तार के साथ उल्लेख मिलता है। चारों वेदों में गायत्री की आवृत्ति छत्तीस बार हुई। छत्तीस बार यह मन्त्र वेदों में आया है। ग्रन्थ के ग्रन्थ गायत्री के माहात्म्य पर लिखे गये हैं। आज भी लिखे जा रहे हैं और आगे भी लिखे जाते रहेंगे। फिर भी उसकी अनन्त शक्तियों का इति इत्थम् न हो सका है। और न कभी हो पायेगा। गायत्री की रुचि प्रकृति कैसी है। उसका गुण-तत्व क्या है? उसकी लीलाओं का रहस्य क्या है? उससे सम्बन्ध स्थापित करके मनुष्य कितने प्रकार के लाभ प्राप्त कर सकता है? इसकी पूरी-पूरी गणना कर सकना अशक्त जान कर प्राचीन काल के तत्वदर्शियों ने गायत्री के एक हजार नामों में उन्हें बड़ी विद्वता के साथ गुम्फित किया है। उनका यह प्रयास मधु मक्खी की तरह का है। जिस प्रकार मधु मक्खी पुष्प-पुष्प में सुवासित रस चूस-चूसकर मधु का संचय करती है, उसी प्रकार भारतीय तत्व वेत्ताओं ने मनुष्य मात्र के लिए उपयोगी प्रत्येक

तत्व का इन नामों में बड़ी कुशलता और सफलता के साथ चलन किया है। जिस प्रकार योग्य वैज्ञानिक जड़ी-बूटी का विश्लेषण करके उनके भीतर पाये जाने वाले पदार्थों, क्षारों, विटामिनों और गुणों की व्याख्या बड़ी बुद्धिमता के साथ तकनीकी शब्दों में करता है ठीक उसी प्रकार 'गायत्री सहस्रनाम' का एक-एक तकनीकी (Technical) है। सरल से सरल नाम भी अपने गर्भ में गूढ़ार्थ संजोये हुए है। प्रत्येक नाम अपने में पूर्ण है। अपने साथ आलोक एवं सन्देश लिए हुए है।

गायत्री सहस्रनाम का महत्व पाठ-पारायण की दृष्टि से तो है ही, उसके इंगन, प्रेरण, तथ्य दर्शन और भाव-भूमिका के अवलम्बन अनुसरण का अकूत प्रभाव हैं। उसमें लिखे गायत्री के हजार नाम तत्वों, तथ्यों, गुणों, बोध प्रबोधों, प्रभावों और विशे षताओं का विश्लेषण है। ऊपर यदि हम ध्यान दें तो पता चलेगा कि गायत्री की कितनी बड़ी महत्ता है। गायत्री सहस्रनाम के नामों के विचार करने से हम सहज ही अनुभव करेंगे कि वे पाठ करने के साथ-साथ मननीय, धारणीय, और अनुकरणीय भी है। ज्यों-ज्यों हमारा पाठ भावपूर्ण या गम्भीर होगा त्यों-त्यों हम देखेंगे प्रत्येक नाम हमसे कुछ कह रहा है। पद-पद पर हमारा मार्ग-दर्शन कर रहा है। एक-एक नाम हमारे अन्दर उमंग, उत्साह, आशा, आत्मविश्वास, मनः शान्ति और प्रफुल्लता भर रहा है। ज्यों-ज्यों हमारा पाठ गहन होता जाएगा, त्यों-त्यों हम अनुभव करेंगे कि हमारे सोचने-विचारने और काम करने का स्तर उत्तरोत्तर ऊपर उठता जा रहा है, भ्रान्तियाँ मिट रही हैं, अन्ध विश्वास टूट रहे हैं। और कालुष्य कार्पण्य घुलता जा रहा है। रुचियों का उन्नयन,

भावों का परिष्कार, आदतों का सुधार और माँ गायत्री का अप्रतिम प्यार पाकर आप निहाल हो जावेंगे।

गायत्री की कृपा पाने के लिए गायत्री सहस्रनाम का पाठ बड़ा उपयोगी है। अपने पाठ को जैसे भावपूर्ण और विचार पूर्ण बनावेंगे, वैसे-वैसे आप सिद्धि की ओर बढ़ते जावेंगे। घास छीलने जैसे, तोता रटन्त पाठ की अपेक्षा मनन पूर्ण पाठ त्वरित सिद्धि देने वाला है। यहाँ गायत्री सहस्रनाम का मूलपाठ व उनके अर्थ दिये जा रहे हैं। परम श्रद्धा और भावना से पाठ तो करना ही चाहिए। उसके साथ अर्थों पर गम्भीर दृष्टि से विचार भी करना चाहिए। तभी गायत्री तत्वज्ञान का व्यापक अध्ययन हो सकेगा।

मूल पाठ व अर्थ

भगवन्सर्वधर्मज्ञसर्वशास्त्रविशारद।
श्रुतिस्मृतिपुराणानां च रहस्यं त्वन्मुखाच्छ्रुतम्।।१
सर्वपापहरं देव येन विद्या प्रवर्तते।
केन वा ब्रह्मविज्ञानं किं नु वा मोक्षसाधनम्।।२
ब्राह्मणानां गतिः केन केन वामृत्युनाशनम्।
ऐहिकामुष्मिकफलं केन वा पद्मलोचन।।३
वक्तुमर्हस्यशेषेण सर्व निखिलमादितः।
साधु साधु महाप्राण सम्यक् पृष्टं त्वयाऽनघ।।४
शृणु वक्ष्यामि यत्नेन गायत्र्यष्टेसहस्रकम्।
नाम्नां शुभानां दिव्यानां सर्वपापविनाशनम्।।५
स्रष्ट्यादौ यद् भगवता पूर्व प्रोक्तं ब्रवीमि ते।

अष्टोत्तरसहस्रस्य ऋषिर्ब्रह्मा प्रकीर्तितः।।६

छन्दोऽनुष्टुप्तथा देवा गायत्री देवता स्मृता।

हलो बीजानि तस्यैव स्वराः शक्तय ईरिताः।।७

नारदजी बोले हे भगवान् ! सर्वधर्मों के ज्ञाता नारायण ! हे सर्वशास्त्र विशारद ! मैंने आपके सुख से श्रुति, स्मृति और पुराणों के रहस्यों को सुना है।१। जो कि सभी पापों के हरण करने वाले और विद्या के प्रवर्त्तक हैं। हे देव ! अब यह बताइये कि ब्रह्मज्ञान और मोक्ष-साधन की प्राप्ति किसके द्वारा हो सकती है?।२। कौन-कौन सा अनुष्ठान मृत्यु का नाशक और ब्राह्मणों को गति प्रदान करने वाला है और किसके द्वारा इहलोक और परलोक में सुख रूप श्रेष्ठ फल प्राप्त हो सकता है।२। हे कमलाक्ष ! यह सभी विषय मुझे पूर्ण रूप से समझाइये। नारायण बोले—हे अनघ ! हे महाप्राज्ञ ! तुम धन्य हो, जो ऐसा उत्तम प्रश्न किया है।४। अब मैं गायत्री सहस्रनाम कहता हूँ, उसे सुनो। दिव्य नाम शुभ पापों को नष्ट करने वाले हैं।५। सृष्टि में आदि में जिनका प्रतिपादन किया था, उन्हीं एक सहस्र आठ नामों को सुनाता हूँ। इस स्तोत्र के ऋषि भी बताये जाते हैं।६। इसका छन्द अनुष्टुप, देवता गायत्री, हलन्त अक्षर बीज और स्वर ही शक्ति है।७।

अङ्गन्यासकरन्यासावुच्येते मातृकाक्षरैः।

अथ ध्यानं प्रवक्ष्यामि साधकानां हिताय वै।।८

रक्तश्वेतहिरण्यनीलधवलैर्युक्तां त्रिनेत्रोज्ज्वलां।

रक्तां रक्तनवस्रजं मणिगणैर्युक्ताँ कुमारीमिमाम्।

गायत्रीं कमलासनां करतल व्यानद्धकुण्डांदुजा।
पद्माक्षीं वरस्त्रजं च दधतीं हंसाधिरूढां भजे।।९
अचिन्त्यलक्षणाव्यक्ताप्यर्थमातृमहेश्वरी।
अमृतार्णवमध्यस्थाऽप्यजिता चापराजिता।।१०
अणिमादिगुणाधाराऽप्यर्कमंडलसंस्थिता।
अजराऽजाऽपराऽधर्मा अक्षसूत्रधराऽधरा।।११

मातृका मन्त्र के छः अक्षर इसके छः अंगन्यास और करन्यास कहे गये हैं। अब साधकों का हित साधन करने के लिए मैं ध्यान कहता हूँ।७। रक्त, श्वेत, पीत, नील और धवल वर्णों वाली, तीन उज्जवल नेत्रों वाली, लाल वर्ण के देह वाली और लाल पद्ममाल से सुसज्जित कण्ठ वाली हैं। मणियों को धारण किये हुये कुमारी गायत्री कमल के आसन पर प्रतिष्ठित तथा हाथों में कमल, कुण्ठिक, वर और अक्षमाला धारणी, हँसारूढ़ा भगवती की मैं उपासना करता हूँ।९। अब उनके नाम सुनो अचिन्त्यलक्षण (चिन्तन में न आने वाली) अव्यक्ता (वोध से परे) अर्थमातृमहेश्वरी (अर्थादि भौतिक पदार्थों को उत्पन्न करने वाली और उसके नियंत्रक देवताओं की भी स्वामिनी), अमृता (विनष्ट न होने वाली), अर्णवमध्यस्था (समुद्र निवासिनी), अधिता (जो जीती न जा सके), अपराजिता (न हारने वाली), अणिमादि-गुणाधारा (अणिमादि सिद्धियों की आधार भूता) अर्कमण्डलसंस्थिता (सूर्यमंडल में स्थित रहने वाली) अजरा (वृद्धावस्था रहित), अजा (जन्म-रहित) अक्षसूत्रधरा (ब्रह्मसूत्र धारिणी) अधरा (जो किसी अन्य की आश्रिता नहीं है।१०—११।

आकारादिक्षकारांताप्यरिषड्वर्गभेदिनी।
अंजनादिप्रतीकाशाऽप्यंजनाद्रि निवासिनी।।१२
अदितिश्चाजपा विद्याऽप्यरविन्दनिभेक्षणा।
अन्तर्बहिः स्थिताऽविद्याध्वंसिनी चांतरात्मिका।।१३
अजा चाजमुखाऽवासाऽप्यरविंदनिभानना।
अर्धमात्रार्थ दानज्ञाऽप्यरिमंडलमर्दिनी।।१४
असुरघ्नी ह्यमावस्याऽप्यलक्ष्मीघ्नन्यत्यजार्चिता।
आदिलक्ष्मीश्चादिशक्तिराकृतिश्चायताननना।।१५
आदित्यपदवीचाराऽप्यपरिसेविता।
आचार्यावर्तनाचाराप्यादिमूर्तिनिवासिनी।।१६

अकारादिक्षकारान्ता (आदि में अकार और अन्त में क्षकार संयुक्ता), औरषड्वर्गभेदिनी (काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद एवं मात्सर्यरूप छः शत्रुंओं को नष्ट करने वाली) अंजनादिप्रतीकाशा (अंजन गिरि के आन्तरिक वर्ण वाली), अंजनाद्रि निवासिनी (अंजनगिरि पर रहने वाली) अदिति (देवमाता) अजपान अपने से भी शुभ कर्मियों पर कृपा करने वाली, अविद्या (अविद्या की भी आश्रयदात्री) अरविन्दनिभेक्षणा (कमल जैसे नेत्रों वाली), अन्तर्बहिःस्थिता (जीवों के अन्तर और बाहर निवास करने वाली), अविद्याध्वंसिनी (अविद्या को नष्ट करने वाली) अन्तरात्मिका (प्राणियों की आत्मा स्वरूपा), अजा (जिसका कभी जन्म न हो), अजमुखावासना (ब्रह्म के मुख में स्थिता), अरविन्दगिभानगा (कंमल जैसे मुख वाली), अर्धमात्रा (प्रणव का जंगभूता अर्धमात्रा रूपिणी) अर्थदानज्ञा (पुरुषार्थ-दान की ज्ञाता) अरि मण्डलमर्दिनी

(शत्रु समाज का मर्दन करने वाली), असुरघ्नी (असुर विनाशिनी), अमावस्या (अमारूपिशी) अलक्ष्मीघ्नन्यत्यजार्चिता (अलक्ष्मी का नाश करके पूजित होने वाली) आदिलक्ष्मी (ब्रह्म-मूर्ति स्वरूपा) आदि शक्ति सृष्टि के आदि में स्थित शक्ति), आकृति (साकार रूपा), आयताननना (अट्टहास मुखवाली), आदित्यपदवीचारा (सूर्यमार्गगामिनी) आदित्य परिसेविता (सूर्य द्वारा उपासिता), आचार्या सर्वज्ञानमयी, आवर्तना (जन्म-मरण युक्त संसार को रचने वाली), आचारा (आचार स्वरूपा) आदिमूर्तिनिवासिनी (ब्रह्म में स्थिता) ।१२–१६ ।

आग्नेयी चामरी चाद्या चाराध्या चासनस्थिता।
आधारनिलयाधारा चाकाशान्तनिवासिनी।।१७
आद्याक्षरसमायुक्ता चान्तराकशरूपिणी।
आदित्यमंडलगता चांतरध्वांतनाशिनी।।१८
इन्दिरा चेष्टदा चेष्टा चैंदीवरनिभेक्षणा।
इरावती चेंद्रपदा चेंद्राणी चेंदुरूपिणी।।१६
इक्षुकौदण्डसंयुक्त चेषुसंधानकारिणी।
इन्द्रनीलसमाकारा चेडापिंगलरूपिणी।।२०
इन्द्राक्षी चेश्वरी देवीं चेहात्रयविवर्जिता।
उमा चोषाह्युडुनिभा उर्वारुकफलानना।।२१

आग्नेयी (अग्नि रूपिणी) आमिरी (अमर रहने वाली) आद्या (सृष्टि से पूर्व भी स्थिता) आराध्या (सबके द्वारा आराधन की जाने वाली) आसनस्थित (श्रेष्ठ आसन पर विराजमान) आधारनिलया (मूलाधार में प्रतिष्ठिता) आधारा (आश्रयभूता)

आकाशान्तनिवासिनी (आकाशतत्व के अन्तरूप अहंकार में रहने वाली) आद्याक्षरसमायुक्ता (आदि अक्षर अकार से सम्पन्न) अन्तराकाशरूपिणी (अन्तरिक्ष आकाश के रूप वाली, आदित्यमण्डलगता (सूर्यमण्डल में सुशोभिता), इन्दिरा (लक्ष्मी स्वरूपा इष्टदा कामनाओं की दात्री) इष्टा (इष्टदेवी) इन्दीवरनिभेक्षणा (श्रेष्ठ कमल जैसे लोचन वाली), इरावती (पृथ्वी से सम्पन्ना) इन्द्रपदा (इन्द्र पद को प्राप्त करने वाली) इन्द्राणी (शशी रूप में स्थिता) इन्दुरूपिणी (चन्द्रमा जैसी उज्जवल) इक्षुकोदण्डसंयुक्ता (ईख का दण्ड धारण किये हुए) इष्युसंधानकारिणी (शर संधान करने में निपुण) इन्द्रनीलसमाकार (इन्द्रनील मणि के समान आकृति वाली) इडापिंगल-रूपिणी (इडा और पिंगला नाड़ियों के रूप में स्थित), इन्द्राक्षी (सौ नेत्र वाली), ईश्वरी, ईहात्रयविवर्जिता (तीनों एषणाओं से मुक्त), उमा, उषा, उडुनिभा (नक्षत्र जैसी दमकती हुई) उर्वारुक फलानना (ककड़ी फल जैसे मुखवाली) ।१७–२१।

उडुप्रभा चोडुमतीह्युडपा उडुमध्यगा।
ऊर्ध्व चाप्यूर्ध्वकेशी चाप्यूर्ध्वाधागतिभेदिनी।।२२
ऊर्ध्वबाहुप्रिया चोर्मिमालावाग्ग्रन्थदायिनी।
ऋतंचर्षि ऋतुमती ऋषिदेवनमस्कृता।।२३
ऋग्वेदा ऋणहर्त्री ऋषिदेवनमस्कृता।।२३
ऋग्वेदा ऋणहर्त्री च ऋषिमण्डलचारिणी।
ऋद्धिदा ऋजुमार्गस्था ऋजुधामौऋतुप्रदा।।२४
ऋग्वेदनिलया ऋज्वी लुप्तधर्मप्रवर्तिनी।

लूतारिवरसंभूता लूतादिविषहारिणी।।२५
एकाक्षरा चैकमात्रा चैका चैकेकनिष्ठिता।
ऐन्द्री ह्यैरावतारूढ़ा चैहिकामुष्मिकप्रदा।।२६

उडुप्रभा (जल जैसे वर्ण वाली) उडुमती (रात्रि जैसे रूप वाली) उडुपा (चन्द्ररूपा) उडुमध्यगा (नक्षत्र मण्डल में स्थिता) ऊर्ध्व (सर्वान्नता) ऊर्ध्वकेशी (ऊँचे केश वाली) ऊर्ध्वाधोगतिभेदिनी (उर्ध्व और अधः लोक की गति भेदिनी अर्थात् आवागमन नष्ट करने वाली) ऊर्ध्वबाहुप्रिया (बाहु ऊँचे करके स्तुति करने वालों पर प्रसन्न होने वाली), ऊर्मिमालावाग्ग्रन्थदायिनी (तरङ्गों से युक्त वाणियों को ग्रन्थ रूप में परिणित करने वाली) ऋतम् (सत्य वाणी रूपा ऋषि) (वेद स्वरूपा) ऋतुमती (ऋतुओं की प्ररेणा करने वाली) ऋषिदेवनमस्कृता (ऋषियों और देवताओं से वन्दिता) ऋग्वेदा (ऋग्वेद रूपिणी) ऋणहर्त्री (तीनों ऋणों को नष्ट करने वाली), ऋषि मण्डलचारिणी (ऋषि समाज में विचरण करने वाली), समृद्धिदा, यजुमार्गस्था सीधे मार्ग वाली) ऋजुधर्मा (सरल धर्म वाली) ऋतुप्रदा (समय पर ऋतुओं की प्रेरिका) (लोप हुए धर्म को पुनः प्रकट करने वाली), लूतारिवरसंभूता (विशिष्ट रोग नाशक मन्त्रों को प्रकट करने वाली) लूतादिविषहारिणी (विषैले जन्तुओं का विष हरण करने वाली) एकाक्षरा, एकमात्रा, एक (बेजोड़) एकैकनिष्ठिता (एक निष्ठा वाली) ऐन्द्री (इन्द्र की शक्ति) ऐरावतारूढ़ा (ऐरावत पर सवार होने वाली) ऐहिकामुष्मिकप्रदा (इहलोक और परलोक का फल देने वाली) ।२२-२६।

ओंकारा ह्योषधी चोता चोतप्रोतनिवासिनी।
और्वा ह्यौषधसंपन्ना औपासनफलप्रदा।।२७
अण्डमध्यस्थिता देवी चाकारमनुरूपिणी।
कात्यायनी कालरात्रिः कामाक्षी कामसुन्दरी।।२८
कमला कामिनी कांता कामदाकालकंठिनी।
करिकुम्भस्तनभरा करवीरसुवासिनी।।२९
कल्याणौ कुण्डलवती कुरुक्षेत्रनिवासिनी।
कुरुविददलाकारा कुण्डली कुमुदालया।।३०
कालजिह्वा करालास्या कालिका कालरूपिणी।
कमनीयगुणा कांतिः कलाधारा कुमुद्वती।।३१

ओंकारा, औषधि, ओता मणि में सूत्र के समान सब जीवों में विद्यमान, ओतप्रोतनिवासिनी (ब्रह्ममयी होकर विश्व में निवास करने वाली), ओर्वा (वाड़वाग्नि, औषधसम्पन्ना, औपासनफलप्रदा उपासना का फले देने वाली) अण्डमध्यस्थिता (ब्रह्माण्ड में स्थित), अकार मनरूपिणी (जिनकी मन्त्रमय विग्रह विसर्ग रूप है), कात्यांयनी (कात्यायन ऋषि द्वारा उपासिता, कालंरात्रि, कामाक्षी, कामसुन्दरीककमला, कामिनी (शुभकामना वाली), कान्ता (ब्रह्म शक्ति) कामदा, कालकण्ठिनी (काल को कण्ठ में रख लेने वाली) करिकुम्भस्तनभरा (हाथी के कुम्भस्थल के समान वक्षस्थल वाली अर्थात् विशाल हृदया) करवीरसुवासिनी (महालक्ष्मी के नेत्रों में अवस्थिता) कल्याणी, कुण्डवती, कुरुक्षेत्र निवासिनी, कुरुविन्ददलाकारा (मुक्तादल जैसे आकार वाली) कुण्डली, कुमुदालया (कुमुद पर स्थित) कालजिह्वा, करालास्या (दुष्टों

के लिए विकराल) कालिका, कालरूपिणी, कमनीयगुणा (कोमल स्वभाव या अङ्ग वाली) कान्ति, कलाधारा (चौंसठ कला धारिणी) कुमुद्वती (कुमुद् से सुशोभित)।।२७–३१।।

कौशिकी कमलाकारा कामचारप्रभंजिनी।
कौमारी करुणापांगी ककुबंता करिप्रिया।।३२
केसरी केशवनुता कदंबकुसुमप्रिया।
कालिंदी कालिका कांची कलशोद्भवसंस्तुता।।३३
काममाता क्रतुमती कामरूपा कृपावती।
कुमारी कुण्डनिलया किराती कीरवाहना।।३४
कैकेयी कोकिलालापा केतकीकुसुमप्रिया।
कमण्डलुधरा काली कर्मनिर्मूलकारिणी।।३५
कलहंसगतिः कक्षा कृतकौतुकमंगला।
कस्तूरीतिलका कम्रा करीन्द्रगमना कुहूः।।१३६

कौशिकी, कमलाकारा, कामचारप्रभञ्जिनी (स्वेच्छार नाशिनी) कौमारी (कुमारी) करुणापांगी, ककुवन्ता (दिशाओं की अन्तरूपा) करि प्रिया (हाथियों पर प्रसन्न रहने वाली) केसरी (सिंह रूपिणी) केशवनुता (भगवान् कृष्णद्वारा नमस्कृत) कदम्बकुसुमप्रिया (कदम्ब पुष्पों से प्रसन्न होने वाली) कालिन्दी (यमुना स्वरूपिणी) कालिका, काँची (कांचीक्षेत्र में विद्यमान) कलशोद्भवसंस्तुता (महर्षि अगस्त्य द्वारा स्तुता), काममाता, क्रतुमती (यज्ञ स्वरूपा) कामरूपा (स्वेच्छारूप धारिणी) कृपावत कुमारी कुण्डनिलया (यज्ञकुण्ड में स्थित) किरात (किरातरूप धारिणी) कीरवाहना (तोता पर सवार होने वाली) कैकेयी (कैकेयी के समान

कोपरूपिणी) कोकिलालापा (कोयल जैसे स्वर वाली) केतकी, कुसुमप्रिया, कमण्डलुधरा, काली कर्मनिर्मूलकारिणी कर्मबंधन काटने वाली) कलहंसगति (राजहंस तुल्य गति वाली) कक्षा, कृतकौतुकङ्गला (मङ्गल देशधारिणी) कस्तूरीतिलका, कम्रा (स्फूर्तिमयी) करीन्द्रगमना (ऐरावत वाहिनी) कुहू (अमावस्या रूपिणी)।।३२–३६।।

कर्पूरलेपना कृष्णा कपिला कुहराश्रया।
कूटस्था कुधरा कम्रा कुक्षिस्थाखिलाविष्टपा।।३७
खड्गखेटकरा खर्वा खेचरी खड्गवाहना।
खट्वाग्धारिणी ख्याता खगराजोपरिस्थिता।।३८
खलघ्नी खंडितजरा खंडाख्यानप्रदायिनी।
खण्डेन्दुतिलका गंगा गणेशगुहपूजिता।।३६
गायत्री गोमती गीता गांधारी गानलोलुपा।
गोमती गामिनी गाक्षा गंधर्वाप्सरसेविता।।४०
गोविंदचरणाक्रांता गुणत्रयविभाविता।
गंधर्वी गह्वरो गोत्रा गिरीशा गहना गमी।।४१

कर्पूरलेपना, कृष्णा, कपिला, कुहाराश्रया (बुद्धि रूपी गुफा में आश्रय लेने वाली) कूटस्था (ब्रह्म में स्थित) कुथरा (पृथिवी को धारण करने वाली) कम्रा (सुन्दरी) कुक्षिस्थाखिलाविष्टपा (अपनी कुक्षि में स्थित विश्व की रक्षिका) खंगखेटकरा (ढाल तलवार धारणी) खर्वा (नाटे कद वाली) खेचरी (आकाश में गति प्रदान करने वाली) खगवाहना, खट्वाह्लधारिणी, ख्याता (प्रसिद्धा) खगराजोपरि स्थिता (गरुड़ की पीठ पर सवार) खलध्नी,

खंडितजरा (वृद्धावस्था रहित) खंडाख्यान प्रदायिनी (शास्त्रों को प्रकट करने वाली) खंडेन्दुतिलका (दौज के चन्द्रमा के समान तिलक वाली) गङ्गा, गणेशगुहपूजिता (गणेश और कार्तिकेय द्वारा पूजी हुई) गायत्री, गोमती, गांधारी, गानलोलुपा (संगीत प्रिया) गौमती, गामिनी (व्यापक रूप से पति करने वाली) गाक्षा (पृथिवी की आधार भूता) गंधर्वाप्ससेविता (गंधर्वों और अप्सराओं द्वारा सेवा प्राप्त) गोविन्दचरणाक्रान्ता (भगवान श्रीकृष्ण के चरणों से दबी हुई अर्थात् पृथिवी रूपिणी) गुणत्रयविभाविता (तीनों के सहित प्रकट हुई) गंधर्वी गह्वरी (गूढ़) गोत्रा (पृथिवी) गिरीशा (पर्वतों की अधिदेवी गहना रहस्यमयी) गमी (पर्यालोचन करने में निपुणा)।।३४–४१।

गुहावासा गुणवती गुरुपापप्रणाशिनी।
गुर्वी गुणवती गुह्यागोप्तव्या गुणदायिनी।।४२
गिरिजा गुह्यमातंगी गरुडध्वजवल्लभा।
गर्वापहारिणी गोदा गोकुलस्या गदाधरा।।४३
गोकर्णनिलयासक्ता गुह्यमण्डलवर्तिनी।।४४
घृणिमन्त्रमयी घोषा धनसंपातदायिनी।
घन्टारवप्रिया घ्राणा घृणिसंतुष्टंकारिणी।।४५
घनारिमंडला घूर्णा घृणाची घनवेगिनी।
ज्ञानधातुमयी चर्चा चर्चिता चारुहासिनी।।४६

गुहावास, गुणवती, गुरुपापप्रणाशिनी (बड़े-बड़े पापों को नष्ट करने वाली) गुर्वी (सब से ऊपर प्रतिष्ठित) गुणवती, गुह्या, गौप्तव्या (गुप्तधन के समान हृदय में छिपी हुई) गुणदायिनी

गिरजा, गुह्यमातङ्गी गरुडध्वज बल्लभा गर्वांपहारिणी, गोदा (गौ या पृथिवी के देने वाली) गोकुलस्था (गोवंश-समूह में स्थित) गदाधरा, गोकर्णनिलयासक्ता (गोकर्ण क्षेत्र में निवास करने वाली) गुह्यमण्डलवर्तिनी घर्मदा (सूर्य किरणों के रूप में उष्णता देने वाली) घनदा (मेघदात्री अर्थात् वर्षा करने वाली) घंटा (घंटा रूपिणी) घोरदानदमर्दिनी, घृणिमन्त्रमयी (सूर्य मन्त्र से सम्पन्न) घोषा (शब्दमयी) घन्सम्पातदायिनी (मेघों का प्रेरण करने वाली) घण्टारवप्रिया (घण्टा बजने से प्रसन्न होने वाली) घ्राणा (घ्राणेन्द्रिय रूपा) घृणिसंतुष्टकारिणी (सूर्य को प्रसन्न करने वाली) घनारिमण्डला (शत्रुओं के विशाल सैन्य समूह में कूद कर युद्ध करने वाली) घूर्णा (भ्रमणशील) घृताखी (रात्रिकी अधिष्ठात्री) घनवेगिनी (महान् वेग वाली) ज्ञानधातुमयी (ज्ञान रूप धातुओं से युक्त) चर्चा (धर्म कथाओं में स्थित) चर्चिता (सुगन्धित अनुलेपनों से चर्चित हुई) चारुहासिनी।४२–४६।

चटुला चंडिका चित्रा चित्रमाल्यविभूषिता।
चतुर्भुजा चारुदंता चातुरी चरिंतप्रदा।।४७
चूलिका चित्रस्त्रांता चन्द्रमाकर्णकुण्डला।
चन्द्रहासा चारुदात्री चकोरी चन्द्रहासिनी।।४८
चन्द्रिका चन्द्रधात्री च चौरी चौरा च चण्डिका।
चंचद्वाग्वादिनी चन्द्रचूड़ा चोरविनाशिनी।।४६
चारुचन्दनलिप्तांगी चंचच्चामरवीजिता।
चारुमध्या चारुगतिश्चन्दिला चन्द्ररूपिणी।।५०
चारुहोमप्रिया चार्वाचरिता चक्रबाहुका।

चन्द्रमण्डलमध्यस्था चन्द्रमण्डलदर्पणा।।५१

चटुला (चंचला) चण्डिका चित्रा, चित्रा (अद्भुत रूप वाली) चित्रमात्य विभूषिता, चतुर्भुजा, चारुदंता (सुन्दर दाँतों वाली) चार्परी, चरितप्रदा चूलिका (सर्वोच्चपद वाली) चित्रवस्त्रान्ता (विचित्र वस्त्रों वाली) चन्द्रमा कर्णकुण्डला (चन्द्रकार कुण्डलों से सुशोभित) चन्द्रहासा, चारुदात्री, चकोरी, चन्द्रहासिनी, चन्द्रिका चन्द्रिधात्री चौरी (छिपी शक्ति वाली) चौरा (पाप हरण करने वाली,) चण्डिका चंचद्वागवादिनी (चंचलवाणी से युक्त) चन्द्रचूड़ा, चोर विनाशिनी (चोरों को नष्ट करने वाली) चारु चंदनलिप्तांगी (सुन्दर चंदन से चर्चित अङ्ग वाली) चंचच्चामरवीजिता (हिलते हुए चमर से सुशोभित), चारुमध्या (सुन्दर कटि वाली) चारुगति (श्रेष्ठ गति वाली) चंदिला (कर्नाटक देश में प्रसिद्ध देवी) चन्द्ररूपिणी, चारुहोमप्रिया (श्रेष्ठ हवन से प्रसन्न होने वाली) चार्वाचरिता (श्रेष्ठ आचरण वाली) चक्रबाहुका (चक्रधारिणी) चन्द्रमण्डल-मध्यस्था-चन्द्र-मण्डलदर्पण (चन्द्रमण्डल को दर्पण के समान कारण वाली)।।४७–५१।

चक्रवाकस्तनी चेष्टा चित्रा चारुविलासिनी।
चित्स्वरूपा चन्द्रवती चन्द्रमाश्चन्दनप्रिया।।५२
चोदयित्री चिरप्रजा चातका चारुहेतकी।
छत्रछाया छत्रधरा छाया छन्दः परिच्छदा।।५३
छाया देवी छिद्रनखा छन्नेन्द्रियविसर्पिणी।
छन्दोऽनुष्टुप्प्रतिष्ठांता छिद्रोपद्रवभेदिनी।।५४

छेदा छत्रेश्वरी छिन्ना छुरिका छेदन प्रिया।

जननी जन्मरहिता जातवेदा जगन्मयी।।५५
जाह्नवी जटिलाजेत्री जरामरणवर्जिता।
जन्बूद्वीपवती ज्वाला जयन्ती जलशालिनी।।५६

